संख्या– 697 / पांच–5–2020

प्रेषक

वेद प्रकाश राय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

महानिदेशक,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊः दिनांक मार्च, 2020**

विषय–प्रदेश की राजकीय चिकित्सा इकाईयों में स्थापित महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की निरन्तर कियाशीलता सुनिश्चित किए जाने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित बायोमेडिकल इक्यूपमेन्ट मेंटीनेन्स प्रोग्राम हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता फर्म को नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण लॉकडाउन अवधि में चिकित्सीय उपकरणों की मरम्मत हेतु मानव संसाधन तथा स्पेयर पार्ट्स की व्यवस्था के लिए अन्तर्जनपदीय आवागमन की अनुमति प्रदान किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–29फ / 10(6) 19 / 614, दिनांक 23.03.2020 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश की राजकीय चिकित्सा इकाईयों में स्थापित महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की निरन्तर कियाशीलता सुनिश्चित किए जाने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत संचालित बायोमेडिकल इक्यूपमेन्ट मेंटीनेन्स प्रोग्राम हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता फर्म सायरिक्स हेल्थ केयर प्रा0लि0 को नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण लॉकडाउन अवधि में चिकित्सीय उपकरणों की मरम्मत हेतु मानव संसाधन तथा स्पेयर पार्ट्स की व्यवस्था के लिए अन्तर्जनपदीय आवागमन की अनुमति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रस्ताव में अन्तर्जनपदीय आवागमन की सुविधा जिन कार्मिकों को प्रदान की जानी है, उनके नाम, पदनाम का उल्लेख करते हुए स्पष्ट प्रस्ताव आज ही शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

संख्या– 697 (1) / पॉच–5–2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
2. निदेशक / सीनियर मैनेजर, मैसर्स सायरिक्स हेल्थ केयर प्रा0 लि0, लखनऊ (द्वारा मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन)।

आज्ञा से,

(वेद प्रकाश राय)
अनु सचिव।

vijay/GO/COME-3